आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में 13 करोड़ से अधिक की लागत से नवनिर्मित ढली बस अड्डे का लोकार्पण किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने सिर्फ चुनावी दृष्टि से बिना बजट के इस बस अड्डे का शिलान्यास किया था और ऐसा ही ठियोग बस अड्डे के लिए भी किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बीते और इस वर्ष 5–5 करोड़ रुपये जारी कर 13 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण कार्य पूरा करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां 24 करोड़ रुपये की लागत से एचआरटीसी की एक आधुनिक वर्कशॉप भी बनाई जा रही है, जिसका कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ढली में 36 करोड़ रुपये की लागत से सब्जी मंडी के आधुनिकीकरण कार्य की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर मंडी का आधुनिकीकरण कार्य शुरू हो जाएगा और इसे 18 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ढली में नई पार्किंग बनाने का आश्वासन दिया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक केंद्र समिट्री संजौली और पार्किंग सुविधा का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ आज शिमला जिले के हाटकोटी में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में क्षेत्र के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आंटीगली, चौरी कॉलोनी और चामसु नाला की सड़कों में पिछले लम्बे समय से टायरिंग न होने से क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रोजेक्ट अधिकारियों को इन तीनों मार्गों पर तुरंत टायरिंग का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। रोहित ठाकुर ने अधिकारियों को चौरी कॉलोनी में

डिस्पेंसरी के मामले पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के आदेश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई क्षेत्र की 90 फीसदी सड़कें पक्की हो चुकी है। इसके अलावा शेष सड़कों का निर्माण कार्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों में समय–समय पर टायरिंग और अन्य मरम्मत कार्य करने के निर्देश भी दिए ताकि आम जनता को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा के 18 दिसंबर से धर्मशाला के तपोवन में आयोजित होने वाले शीतकालीन सत्र की तैयारियों को लेकर आज धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सत्र के दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान तपोवन स्थित विधानसभा भवन और परिसर की निगरानी सी.सी.टीवी व ड्रोन कैमरों से की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 21 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल 4 बैठकें होंगी। उन्होंने बताया कि सत्र की अधिसूचना जारी होने के साथ ही विधानसभा सदस्यों की प्रश्नो से संबंधित सूचनाएं आनी शुरू हो गई है। कुलदीप पठानिया ने बताया कि विधानसभा भवन के अंदर मोबाईल, लैपटॉप और अन्य इलैक्ट्रॉनिक वस्तु ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

राजीव भारद्वाज

केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के एक सौ 53 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को स्तरोन्नत किया गया है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार इन केंद्रों को स्तरोन्नत किया गया है। सावित्री ठाकुर ने बताया कि बच्चों की प्राथमिक शिक्षा व देखभाल के मददेनजर केंद्र सरकार ने सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर में कार्यरत सभी मिनी केंद्रों को पूर्ण विकसित आंगनबाड़ी केंद्रों में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में एक वर्कर और एक हैल्पर तैनात किया जाएगा।

प्रतियोगिता

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 7 दिसम्बर को शिमला में सद्भावना क्रिकेट कप प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। इस संबंध में हिम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा प्रारंभिक बैठक आज शिमला में आयोजित की गई। नशा छोड़ो, खेल खेलो' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का पहला मैच 7 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे राज्यपाल इलेवन और प्रेस इलेवन के बीच खेला जाएगा। इसी तरह दूसरा मैच 8 दिसंबर को सुबह साढ़े 9 बजे मुख्यमंत्री इलेवन और मुख्य न्यायाधीश इलेवन के बीच खेला जाएगा। इस मैच का उद्घाटन उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान करेंगे।

---